विज्ञप्ति

विषय: GeM पोर्टल पर फॉल्स सीलिंग, खिड़की के शीशों की प्रतिस्थापन एवं एल्युमिनियम फ्रेम युक्त ग्लास डोर कार्य हेतु निविदा आमंत्रण विषयक।

सूचित किया जाता है कि राजकीय पॉलिटेक्निक कुताना, बडौत, जनपद बागपत (उ.प्र.) 250611 द्वारा संस्था के प्रयोगशालाओं, कक्षाओं, कार्यालय कक्षों इत्यादि में आवश्यक मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्यों के निष्पादन हेतु उपरोक्त विषयक GeM पोर्टल पर दिनांक 01/03/2026 को निविदा/Bid (Bid Number: GEM/2026/B/7307929, Dated: 01-03-2026) प्रकाशित की गई है।

संस्था में सुचारू शिक्षण-प्रशिक्षण, सुव्यवस्थित शैक्षणिक वातावरण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मुख्यत निम्नलिखित कार्य प्रस्तावित हैं -

1. कंप्यूटर लैब में फॉल्स सीलिंग कार्य।
2. प्रयोगशालाओं, कक्षाओं, कार्यालय कक्षों इत्यादि में खिड़की के शीशों की प्रतिस्थापन कार्य।
3. प्रयोगशालाओं, कक्षाओं, कार्यालय कक्षों इत्यादि में एल्युमिनियम फ्रेम युक्त ग्लास डोर की आपूर्ति एवं स्थापना कार्य

इच्छुक एवं पात्र विक्रेता/सेवा प्रदाता, जो GeM पोर्टल पर पंजीकृत हैं, वे पोर्टल पर उपलब्ध विस्तृत निविदा प्रपत्र, तकनीकी विनिर्देश, पात्रता शर्तें, कार्य की समय-सीमा एवं अन्य नियमों का अवलोकन कर निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय तक अपनी ऑनलाइन बोली प्रस्तुत कर सकते हैं। अपूर्ण, त्रुटिपूर्ण अथवा विलंब से प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा। निविदा प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी, प्रतिस्पर्धात्मक एवं शासन द्वारा निर्धारित क्रय नियमों के अनुरूप केवल GeM पोर्टल के माध्यम से संपन्न की जाएगी।

संस्था सभी पात्र एवं अनुभवी विक्रेताओं से अपेक्षा करता है कि वे उक्त कार्य में सहभागिता सुनिश्चित कर प्रतिस्पर्धात्मक दरों पर गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने हेतु अपनी बोली प्रस्तुत करें।

अधिक जानकारी एवं विस्तृत शर्तों के लिए कृपया GeM पोर्टल पर प्रकाशित निविदा विवरण का अवलोकन करें।

प्रधानाचार्य
राजकीय पॉलीटेक्निक कुताना
बडौत बागपत

कार्यालय प्रधानाचार्य, राजकीय पॉलीटेक्निक, कुताना बडौत–बागपत

पत्रांक सं0: 2075 - 80 / रा0पा0कु0 / विज्ञप्ति / 2025–26 दिनांक– 01 / 03 / 2026

प्रतिलिपिः–

1. कार्यालय, जिलाधिकारी बागपत, के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
2. कार्यालय, उपजिलाधिकारी तहसील बडौत बागपत, के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
3. रेलवे स्टेशन बडौत के मुख्य प्लेटफार्म स्थित बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
4. बस स्टैंड, दिल्ली अड्डा, बडौत पर चस्पा करने हेतु।
5. संस्थागत नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
6. संस्थागत वेबसाइट, संस्थागत URISE पोर्टल पर अपलोड करने हेतु।

प्रधानाचार्य
राजकीय पॉलीटेक्निक कुताना
बडौत बागपत